तू खाटू का है वासी

तू खाटू का है वासी भगतो को है तू प्यारा,
दीनो के नाथ तू सुनले तुझपे है भरोसा हमारा,

तेरे नाम ने एह मेरे बाबा कितनो के दुःख को टाला,
कितने ही पापियों को भी तूने ही दिया है सहारा,
एह श्याम खाटू वाले मेरी आँखों का तू प्यारा,
दीनो के नाथ तू सुनले तुझपे है भरोसा हमारा,

भटके हुए है प्राणी रास्ता तू दिखादे,
करके किरपा तू बाबा मंजिल का पता बता दे,
हारे हुए है जग से इक तू ही श्याम हमारा,
दीनो के नाथ सुन ले तुझपे है भरोसा हमारा ,

तेरे ही सहारे बाबा इस जग को हमने जीता,
तेरे ही बल पे हमने दुनिया में जीना सीखा ,
तेरा नाम लेके प्यारे इस जीवन को है स्वारा,
दीनो के नाथ तू सुनले तुझपे है भरोसा हमारा,

जीवन में जो भी पाया सब तूने ही तो दिया है,
तेरे दर पर जो भी आया उनको अपना ही लिया है,
इंदु के जीवन का तेरे चरणों में ही गुजरा,
दीनो के नाथ तू सुनले तुझपे है भरोसा हमारा,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5596/title/tu-khatu-ka-hai-vasi-bhagto-ka-hai-tu-pyara-deno-ke-nath-tu-sunle-tujhpe-hai-bhrosa-hamara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |